हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, मंगलवार 21 जुलाई 2026



12 अवैध अप्रवासियों पर सख्ती, किरायेदारों और होटलों …

11 शिक्षा के निजीकरण से गरीब व मेहनतकशों…









हरिभूमि
सुनहरा मौका
सुनिश्चित उपहार 2026
सामान्य कूपन
21 जुलाई 2026
कूपन नं. 8

B.M. COLLEGE
BCA BBA
PGDCA B.Ed.
आई.टी.आई.
कोपा इलेक्ट्रिशियन
हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
डीजल मैकेनिक
फायर टेक्नालॉजी
स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
9340311314, 9300850065
9303898329, 9098849923
अंतिम तिथि-24/07/26


# हरिभूमि की खबर के बाद हरकत में आया पीडब्ल्यूडी, थान खम्हरिया में सड़क मरम्मत शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/थान खम्हरिया

खबर का असर

नगर के सबसे व्यस्त और जर्जर हो चुके मुख्य मार्गों की बदहाल स्थिति को लेकर प्रकाशित खबर का असर सोमवार को साफ दिखाई दिया। लगातार उठ रही जनशिकायतों और सड़क पर बने बड़े-बड़े गड्ढों से आमजन की परेशानी को प्रमुखता से उजागर किए जाने के बाद लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) हरकत में आ गया।

विभाग ने सोमवार सुबह एसबीआई बैंक के सामने सड़क पर बने गहरे गड्ढों को जीरो गिट्टी से भरकर समतल करने का कार्य शुरू कर दिया। नगर के प्रमुख मार्ग मुल्लू चौक, साजा रोड और बेमेतरा मार्ग पर पिछले एक महीने से सड़क पूरी तरह उखड़ चुकी थी। बरसात के कारण गड्ढों में पानी भर जाने से वाहन चालकों को गड्ढों का अंदाजा तक नहीं लग पाता था। इससे आए दिन दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती थी और आवागमन भी प्रभावित हो रहा था।

**20 से अधिक गड्ढों ने बढ़ाई थी परेशानी:** एसबीआई बैंक के सामने करीब 20 से अधिक बड़े गड्ढे बन चुके थे। विभाग ने सबसे पहले इन्हीं गड्ढों की मरम्मत शुरू की। विभागीय कर्मचारियों ने बताया कि प्रारंभिक तौर पर जीरो गिट्टी डालकर सड़क को समतल किया जा रहा है, ताकि बरसात के दौरान लोगों को राहत मिल सके। इसके बाद मुल्लू चौक से भाठापारा चौक तक चरणबद्ध तरीके से मरम्मत कार्य किया जाएगा। ▶▶| शेष पेज 11 पर

## एसबीआई बैंक के सामने जीरो गिट्टी से भरे जा रहे गड्ढे, मुल्लू चौक से भाठापारा चौक तक चरणबद्ध मरम्मत होगी

### हर दिन लगता था जाम

मुल्लू चौक नगर का सबसे व्यस्त चौराहा है। सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक यहां लगातार ट्रैफिक का दबाव रहता है। बेमेतरा, साजा, कवर्धा, राजनांदगांव, रायपुर सहित आसपास के गांवों के लिए प्रतिदिन सैकड़ों छोटे-बड़े वाहन इसी मार्ग से गुजरते हैं। सड़क पर बने गड्ढों के कारण जहां 10 मिनट का सफर 30 मिनट में पूरा हो रहा था, वहीं जाम की स्थिति भी आम हो गई थी। पिछले सप्ताह एक स्कूली बच्चा भी गड्ढे में फिसलकर घायल हो गया था। इसके बाद स्थानीय लोगों में सड़क की बदहाल स्थिति को लेकर नाराजगी और बढ़ गई थी।



### राहत की सांस ले रहे लोग

मरम्मत कार्य शुरू होने के बाद नगरवासियों ने संतोष व्यक्त किया है। स्कूली बच्चों के अभिभावकों ने कहा कि अब बच्चों का स्कूल आना-जाना पहले की तुलना में अधिक सुरक्षित होगा। वहीं वाहन चालकों और व्यापारियों ने उम्मीद जताई कि यदि पूरे मार्ग की मरम्मत समय पर पूरी कर दी जाती है तो जाम और दुर्घटनाओं की समस्या से भी काफी हद तक राहत मिलेगी। **जनहित की आवाज बनी खबर:** नगरवासियों का कहना है कि सड़क की जर्जर स्थिति लंबे समय से परेशानी का कारण बनी हुई थी, लेकिन हरिभूमि में खबर प्रकाशित होने के बाद विभाग ने तत्काल संज्ञान लेते हुए काम शुरू किया। लोगों ने उम्मीद जताई कि इसी तरह जनहित के अन्य मुद्दों पर भी प्रशासन त्वरित कार्रवाई करेगा।

## मांग : छात्रों ने कलेक्टर से लगाई सुरक्षा की गुहार

# 24 साल पुराना छात्रावास बना 'खतरे का घर' दरकती दीवारों के बीच रहने को मजबूर छात्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- छतों से टपक रहा पानी, भरभराकर गिर रहा प्लास्टर, 28 में सिर्फ 10 शौचालय चालू

शहर के कोबिया वार्ड स्थित पोस्ट मैट्रिक अनुसूचित जाति बालक छात्रावास की जर्जर हालत अब छात्रों की जान पर भारी पड़ने लगी है। करीब 24 वर्ष पुराने इस छात्रावास भवन की हालत इतनी बदतर हो चुकी है कि हर पल किसी बड़े हादसे का खतरा मंडरा रहा है। छतों से लगातार पानी टपक रहा है, दीवारों में चौड़ी दरारें पड़ चुकी हैं और जगह-जगह से प्लास्टर भरभराकर गिर रहा है। भय और असुरक्षा के माहौल में रहने को मजबूर छात्रों ने सोमवार को कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर भवन के तत्काल संधारण अथवा नए भवन निर्माण की मांग की है। छात्रों का कहना है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद जिम्मेदार अधिकारियों ने अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया। बरसात शुरू होते ही छात्रावास की स्थिति और भी भयावह हो जाती है।

कमरों में पानी भर जाता है, बिस्तर, किताबें और कपड़े भीग जाते हैं तथा सीलन और बदबू के कारण पढ़ाई और रहना दोनों मुश्किल हो गया है। छात्रों का कहना है कि वे हर दिन अपनी जान जोखिम में डालकर छात्रावास में रहने को विवश हैं। गौरतलब है कि इसी परिसर में स्थित प्री-मैट्रिक छात्रावास में बीते वर्ष जिला खनिज न्यास निधि (डीएमएफ) से लगभग 20 लाख रुपए की लागत से संधारण कार्य कराया गया था। लेकिन वर्तमान स्थिति देखकर उस कार्य की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। भवन की दीवारों में सीपेज, बरामदों में टपकता पानी और जगह-जगह आई दरारें यह संकेत दे रही हैं कि संधारण कार्य अपेक्षित गुणवत्ता के अनुरूप नहीं हुआ।



### प्रसाधनों की बदहाली, 28 में सिर्फ 10 उपयोग योग्य

छात्रावास में स्वच्छता व्यवस्था भी पूरी तरह चरमरा गई है। परिसर में बने 28 प्रसाधनों में से केवल 10 ही उपयोग योग्य हैं, जबकि बाकी शौचालयों के नल टूट चुके हैं और पाइपलाइन चोक हो चुकी है। मात्र कुछ प्रसाधनों के भरोसे लगभग 30 छात्रों को अपनी दैनिक जरूरतें पूरी करनी पड़ रही हैं। इससे संक्रमण और बीमारियों का खतरा लगातार बना हुआ है। समस्या केवल पोस्ट मैट्रिक छात्रावास तक सीमित नहीं है। परिसर में स्थित प्री-मैट्रिक छात्रावास का बोर पंप खराब होने के कारण वहां रहने वाले छात्रों को भी पोस्ट मैट्रिक छात्रावास के प्रसाधनों का उपयोग करना पड़ रहा है। इससे पहले से सीमित सुविधाओं पर अतिरिक्त दबाव पड़ गया है और विद्यार्थियों की परेशानियां कई गुना बढ़ गई हैं।

### प्लास्टर गिरने से हर वक्त हादसे का डर

छात्रावास के कमरों और बरामदों की छतों से लगातार प्लास्टर झड़ रहा है। कई स्थानों पर छत का हिस्सा कमजोर होकर टूटने की स्थिति में पहुंच चुका है। छात्र पढ़ाई करते समय या बरामदे से गुजरते समय हमेशा डर के साये में रहते हैं। अब तक कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ है, लेकिन भवन की हालत देखकर कभी भी गंभीर दुर्घटना से इनकार नहीं किया जा सकता।

### सीपेज और बारिश ने बढ़ाई मुश्किलें

भवन की दीवारों में जगह-जगह सीपेज हो गया है। बारिश के दौरान छतों से पानी टपकने के कारण कमरों में पानी भर जाता है। इससे छात्रों की किताबें, कॉपियां, कपड़े और बिस्तर खराब हो रहे हैं। लगातार नमी रहने से पूरे भवन में सीलन और दुर्गंध फैली रहती है, जिससे स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का खतरा भी बढ़ गया है। **'डिस्मेंटल' करने लायक हो चुका भवन:** छात्रों का कहना है कि अब केवल मरम्मत से समस्या का समाधान संभव नहीं है। 50 सीटों और 26 कमरों वाला यह छात्रावास तकनीकी रूप से इतना जर्जर हो चुका है कि इसे गिराकर नया भवन बनाया जाना चाहिए। यदि तत्काल नया भवन बनाना संभव नहीं है तो छात्रों को किसी सुरक्षित भवन में स्थानांतरित किया जाए, ताकि किसी अप्रिय घटना से बचा जा सके।

**संधारण का प्रस्ताव भेजा है या नहीं, जानकारी नहीं**

मैं वर्तमान में प्रभारी के रूप में कार्य देख रहा हूं। नियमित अधीक्षक अवकाश पर हैं। संधारण का प्रस्ताव भेजा गया है या नहीं, इसकी जानकारी फिलहाल मुझे नहीं है। **भगवंता साहू, प्रभारी अधीक्षक, पोस्ट मैट्रिक छात्रावास, बेमेतरा**

# राजस्व रिकॉर्ड में गड़बड़ी पर कार्रवाई, एसडीएम ने पटवारी को किया निलंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- बिना न्यायालयीन आदेश खसरा-नक्शे में फेरबदल का मामला

जिले में राजस्व अभिलेखों में अनियमितताओं के खिलाफ प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए ग्राम निनवा के पटवारी हल्का क्रमांक-40 की पटवारी अम्बा उपाध्याय को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

जांच में निजी स्वामित्व की भूमि के खसरा एवं नक्शे में सक्षम न्यायालय के आदेश के बिना नियमों के विपरीत फेरबदल किए जाने का मामला सामने आने के बाद कलेक्टर सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई के निर्देशन में यह कार्रवाई की गई। प्रशासन ने स्पष्ट संकेत दिया है कि राजस्व रिकॉर्ड से किसी भी प्रकार की छेड़छाड़, शासकीय कार्यों में लापरवाही अथवा नियमों के उल्लंघन को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बेमेतरा द्वारा जारी आदेश के अनुसार, ग्राम निनवा के खसरा क्रमांक 184/1 एवं 184/2 से संबंधित राजस्व अभिलेखों एवं नक्शे में सक्षम न्यायालय की अनुमति के बिना संशोधन किया गया।

प्रारंभिक जांच में यह कार्य छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता की धारा 115 एवं 116 के प्रावधानों के विपरीत पाया गया। इसे शासकीय दायित्वों के प्रति गंभीर लापरवाही, स्वेच्छाचारिता तथा गंभीर कदाचार माना गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम, 1966 के नियम-9 के तहत पटवारी अम्बा उपाध्याय को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। निलंबन अवधि के दौरान उनका मुख्यालय तहसील कार्यालय बेमेतरा निर्धारित किया गया है तथा उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता प्रदान किया जाएगा।

प्रशासनिक व्यवस्था प्रभावित न हो, इसके लिए पटवारी हल्का क्रमांक-40 का अतिरिक्त प्रभार पटवारी मेघनाथ वर्मा (हल्का क्रमांक-26) को सौंपा गया है। संबंधित क्षेत्र के राजस्व कार्य अब उनके माध्यम से संपादित किए जाएंगे। कलेक्टर सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई ने कहा कि राजस्व अभिलेख शासन और आम नागरिकों के अधिकारों से जुड़े अत्यंत महत्वपूर्ण दस्तावेज होते हैं। इनमें किसी भी प्रकार की अनियमितता या नियमों के विपरीत फेरबदल न केवल प्रशासनिक व्यवस्था को प्रभावित करता है, बल्कि आम लोगों के अधिकारों पर भी प्रतिकूल असर डालता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिले में सुशासन, पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए ऐसे मामलों में दोषी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

## खबर संक्षेप

### अवैध शराब बेचने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई।** अवैध रूप से शराब बेचने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उतई पुलिस ने बताया कि ग्राम उमरपोटी स्थित गौठान के पास अवैध शराब बेचने की सूचना मिली थी। पुलिस ने मौके में पहुंच कर दबिश दिया जहां से ग्राम पंचायत रोड, ग्राम गोडपेण्ड्री, उतई निवासी भुनेश्वर आग्नेकर उर्फ भुवनु, नकुल वर्मा को पकड़ा गया। आरोपियों के पास से पुलिस ने एक सफेद प्लास्टिक बोरी में रखी 30 पौवा देशी मदिरा प्लेन शराब (कुल 5.4 बल्क लीटर) कीमत 2,400 रुपए का जब्त किया गया।

### ऑटो में सवार यात्री की जेब से 74 हजार किया पार

**भिलाई।** आटो सवारी के जेब से रकम निकालने के मामले में पुलिस ने चालक व उसके साथी को गिरफ्तार किया है। भिलाई तीन पुलिस ने बताया कि भिलाई 3 निवासी अरविंद कुमार अपने कार्यालय से केनरा बैंक, चरोदा शाखा, भिलाई 3 में 74 हजार रुपए जमा करने के लिए आटो से जा रहा था। इस दौरान नीले-सफेद रंग के ऑटो में सवार हुआ। जिसमें पहले से दो युवक सवार थे। ऑटो चालक द्वारा पीड़ित को पहल पीछे एवं बाद में आगे बैठाया गया। केनरा बैंक तक न ले जाकर ज्योति कटिंग, चरोदा के पास आटो चालक ने उतार दिया। वहां उतरने के बाद पीड़ित अपनी जेब की टटोलना शुरु किया तो उसके रकम गायब मिले। पीड़ित ने तुरंत पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। जांच करने पर संदेह के आधार पर ऑटो सीजी 07 डीबी 6016 के चालक और उसके साथी को हिरासत में लिया। पूछताछ करने पर अपना नाम हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, जामुल निवासी बॉबी गुरजीत सिंह, धीरज वर्मा होना बताया है।

### कमीशन के लालच में की साइबर ठगी

**भिलाई।** म्यूल खाता मामले में पुलिस ने 9 युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी कमीशन के लालच में साइबर ठगों को खाता उपलब्ध कराया था। भिलाई तीन पुलिस ने बताया कि विवेचना एवं तकनीकी विश्लेषण से पता चला कि 2000-10 रुपए लेकर कमीशन कमाने के चक्कर में ठगों को खाता किराए में दिया जाता था। पुलिस ने ग्राम फुंडा, थाना बोरी निवासी लक्की खुटेल, गौतम नगर सुपेला भारत गिरी, खुर्सीडीह, नगपुरा भोज ठाकुर, चोमन साहू, फुंडा बोरी कमलेश देशलहरे, ग्राम मचान्दुर उतई रमाकांत साहू, लक्ष्मी नारायण चौक, अहिवारा नंदनी नगर आकाश भट्ट, ग्राम दानिया, थाना बोरी (एजेंट) संजय निषाद, ग्राम कुर्सीडीही, नगपुरा मनोज कुमार साहू को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से पुलिस ने बैंक पासबुक, एटीएम कार्ड, चेकबुक, सिम कार्ड, मोबाइल फोन, बैंकिंग समेत अन्य दस्तावेज जब्त किया है।

# शासकीय हाई स्कूल मटका में निःशुल्क साइकिल वितरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- नियमित अध्ययन और सड़क सुरक्षा का दिया संदेश

शासकीय हाई स्कूल मटका में सोमवार को सरस्वती साइकिल योजना के तहत छात्राओं को निःशुल्क साइकिलों का वितरण किया गया। कार्यक्रम में शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष शत्रुघ्न यदु एवं ग्राम सरपंच मना राम साहू मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अतिथियों ने छात्राओं को नियमित रूप से विद्यालय आने, यातायात नियमों का पालन करते हुए सुरक्षित ढंग से साइकिल चलाने तथा मन लगाकर पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया। शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष शत्रुघ्न यदु ने छात्राओं से नियमित गणवेश में विद्यालय आने तथा सभी विद्यार्थियों से अनुशासन बनाए रखने की अपील की। कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि सत्यनारायण साहू, विधायक प्रतिनिधि धनु साहू एवं लाभान्वित छात्राओं के पालकों की गरिमामयी उपस्थिति रही। शाला की प्राचार्य श्रीमती मीनाक्षी शर्मा ने अभिभावकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए विद्यालय और परिवार दोनों की समान भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों की शिक्षा ▶▶| शेष पेज 11 पर



# भव्य संकीर्तन महोत्सव आज, शाम से गूंजेंगे बाबा श्याम के भजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- श्री श्याम मित्र मंडल ने श्रद्धालुओं से परिवार सहित शामिल होने की अपील

भगवान श्री श्याम की भव्य निशान यात्रा रविवार को श्रद्धा, उत्साह और भक्तिभाव के साथ संपन्न हुई। बाबा श्याम के जयकारों से पूरा नगर भक्तिमय माहौल में डूब गया। यात्रा में बड़ी संख्या में श्याम भक्तों और श्रद्धालुओं ने शामिल होकर अपनी आस्था प्रकट की। निशान यात्रा की सफलता के बाद आज मंगलावार 21 जुलाई को श्री श्याम प्रभु का भव्य संकीर्तन महोत्सव आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ शाम 7:15 बजे से होगा। आयोजन समिति ने सभी श्रद्धालुओं से निर्धारित समय से पहले कार्यक्रम स्थल पहुंचने की अपील की है, ताकि वे प्रारंभ से ही भजन संध्या और बाबा श्याम की दिव्य झांकियों का आनंद ले सकें। संकीर्तन महोत्सव में गुरुग्राम (दिल्ली-एनसीआर) सहित विभिन्न स्थानों से पधार रहे सुप्रसिद्ध भजन गायक एवं कलाकार अपनी मधुर प्रस्तुतियों से बाबा श्याम का गुणगान करेंगे। आयोजन स्थल पर बाबा श्याम का भव्य दरबार, आकर्षक रथ और भक्तिमय वातावरण श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगा। श्री श्याम मित्र मंडल, बेमेतरा ने समस्त नगरवासियों एवं श्याम भक्तों से परिवार और मित्रों सहित अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर आयोजन की शोभा बढ़ाने तथा बाबा श्याम का दिव्य आशीर्वाद प्राप्त करने का आग्रह किया है।



## पेंशन, आवास, आम रास्ता और राजस्व मामलों पर हुई सुनवाई

# जनदर्शन में 75 आवेदनों पर कलेक्टर ने दिए त्वरित कार्रवाई के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले में आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए प्रत्येक सोमवार आयोजित होने वाले जनदर्शन में इस बार भी बड़ी संख्या में लोग अपनी समस्याएं लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचे।

कलेक्टर सुश्री प्रतिष्ठा ममगाईं ने एक-एक आवेदक की समस्याएं गंभीरता से सुनीं और संबंधित विभागीय अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। कई मामलों का निराकरण मौके पर ही कर दिया गया, जबकि शेष प्रकरणों को समय-सीमा में निपटाने के लिए संबंधित विभागों को सौंपा गया। जनदर्शन में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों ने पेंशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, राजस्व, दिव्यांग सहायता, सार्वजनिक मार्ग और अन्य जनहित से जुड़े मामलों में अपनी शिकायतें एवं मांगें प्रस्तुत कीं। कलेक्टर ने कई मामलों में अधिकारियों से दूरभाष पर चर्चा की, वहीं कुछ अधिकारियों को तत्काल कक्ष में बुलाकर प्रकरणों की जानकारी ली और शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।




### 75 आवेदन पहुंचे, गंभीर मामलों को टीएल में किया दर्ज

इस सप्ताह आयोजित जनदर्शन में विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 75 आवेदन प्राप्त हुए। तात्कालिक महत्व के मामलों का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण किया गया, जबकि जांच एवं विस्तृत कार्रवाई वाले प्रकरणों को समय-सीमा (टीएल) पंजी में दर्ज कर नियमानुसार शीघ्र निपटारे के निर्देश जारी किए गए। जनदर्शन में निराश्रित एवं वृद्धावस्था पेंशन, दिव्यांग पेंशन, बैटरी चालित ट्रायसाइकिल, प्रधानमंत्री आवास योजना, कटा हुआ रकबा जोड़ने, खाद गड्ढा हटाने, आम रास्ता खुलवाने सहित विभिन्न जनसमस्याओं से जुड़े आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर ने सभी आवेदकों को उनकी समस्याओं के समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण समाधान का भरोसा दिलाया।

## पुलिस विभाग में फेरबदल

# बेमेतरा से तीन अधिकारी स्थानांतरित जिले को मिली नई एसडीओपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

छत्तीसगढ़ शासन के गृह (पुलिस) विभाग ने राज्य पुलिस सेवा संवर्ग के अधिकारियों का बड़े पैमाने पर प्रशासनिक तबादला किया है। मंत्रालय (महानदी भवन) से जारी आदेश में बेमेतरा जिले के पुलिस महकमे में भी महत्वपूर्ण बदलाव किए गए हैं। इस फेरबदल में जिले से तीन अधिकारियों का स्थानांतरण किया गया है, जबकि एक नई अधिकारी की पदस्थापना बेमेतरा जिले में की गई है।

जारी आदेश के अनुसार रायपुर नगरीय में सहायक पुलिस आयुक्त (सीएडब्ल्यू) के पद पर पदस्थ रुचि वर्मा को बेमेतरा जिले के बेरला अनुविभाग का नया अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) नियुक्त किया गया है। उनके आगमन के साथ बेरला अनुविभाग की कमान अब नए नेतृत्व के हाथों में होगी। वहीं, बेरला के एसडीओपी विनय कुमार का स्थानांतरण बालोद जिले में उसी पद पर किया गया है। इसके अलावा उप पुलिस अधीक्षक (महिला विरुद्ध अपराध शाखा) कौशिल्या साहू को बिलासपुर में उप पुलिस अधीक्षक (बालक विरुद्ध अपराध अन्वेषण शाखा) के पद पर भेजा गया है। वहीं उप पुलिस अधीक्षक (बालक विरुद्ध अपराध अन्वेषण शाखा) सुश्री ▶▶| शेष पेज 11 पर

## खबर संक्षेप



### हृदय रोग से ग्रसित 53 बच्चों की ईको कार्डिग्राफी

**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ राज्य के उपमुख्यमंत्री एवं कवर्धा विधायक विजय शर्मा के जन्मदिन के अवसर में शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय सम्बद्ध चिकित्सालय कबीरधाम में चिरायु कार्यक्रम के अंतर्गत एक दिवसीय निःशुल्क ईको कार्डियोग्राफी जांच आयोजित किया गया। जिनमें जन्मजात हृदय रोग से ग्रसित 0 से 18 वर्ष के 53 बच्चों का ईको कार्डिग्रापी किया गया। जांच उपरांत 21 बच्चों को ऑपरेशन की सलाह दी गई और 7 बच्चों को एक साल बाद पुनः ईको जांच के लिए बोला गया। यह जांच शिविर श्री वेंकटेश हॉस्पिटल के सहयोग से कराया गया। सीएमएचओ डॉ देवेंद्र तुर्रे के निर्देशन व डीपीएम श्रीमती अनुपमा तिवारी के विशेष सहयोग से सम्पन्न हुआ।

### 20 लाख रुपए की आर्थिक सहायता मंजूर

**कवर्धा।** कलेक्टर गोपाल वर्मा ने राजस्व पुस्तक परिपत्र छह-चार के तहत पांच विपत्ति ग्रस्त परिवारों को चार-चार लाख रूपए की मान से 20 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि की स्वीकृत दी है। इसके तहत ग्राम डेंगुरजाम निवासी राजेश बैगा की नाला में डूबने से मृत्यु होने पर विपत्ति ग्रस्त उनके माता सोनिया बाई को, ग्राम भांगीटोला पोलमी निवासी रामकली बाई की सर्प के काटने से मृत्यु होने पर विपत्ति ग्रस्त उनके पति जगतराम को, ग्राम साजापारा निवासी बेदप्रसाद की तालाब में डूबने से मृत्यु होने पर विपत्ति ग्रस्त उनके पत्नी कमला पात्रे को ग्राम कांदावानी निवासी अमर सिंह की आकाशीय बिजली गिरने से मृत्यु होने पर विपत्ति ग्रस्त उनके मां पांचोबाई को और ग्राम खैरबनाकला निवासी जलेश्वरी की आग में जलने से मृत्यु होने पर विपत्ति ग्रस्त उनके पति भारत को राजस्व पुस्तक परिपत्र छह-चार के तहत चार-चार लाख रूपए की आर्थिक सहायता की मंजूरी दी गई है।

### कबीरधाम जिले में 228.8 मिमी औसत वर्षा

**कवर्धा।** जिले में एक जून से आज तक 228.8 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। कार्यालय कलेक्टर भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार कवर्धा तहसील में 213.0 मिमी, पंडरिया तहसील में 178.7 मिमी, बोड़ला तहसील में 214.0 मिमी, स.लोहारा तहसील में 174.4 मिमी, रेंगाखार तहसील में 168.0 मिमी, कुण्डा तहसील में 162.5 मिमी, पिपरिया तहसील में 374.9 मिमी और कुकदूर तहसील में 344.7 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। 20 जुलाई की स्थिति में पिछले चैबीस घंटे में जिले में 6.8 मिमी औषत वर्षा हुई है, कवर्धा तहसील में 14.6 मिमी, पंडरिया तहसील में 6.0 मिमी, बोड़ला तहसील में 0.0 मिमी, स.लोहारा तहसील में 10.2 मिमी, रेंगाखार तहसील में 4.0 मिमी, कुण्डा तहसील में 17.5 मिमी , पिपरिया तहसील में 1.7 मिमी और कुकदूर तहसील में 0.0 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है।

## ठगी: अंजना गांव के 5 ग्रामीणों से करीब 2.60 लाख रुपए वसूली

# फर्जी वन अधिकार पट्टा देकर जिले के वनवासियों से की जा रही ठगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले के जंगलों का बेजा दोहन करने में न तो राज्य सरकार पीछे है और ही वन तस्कर। सरकार की बात की जाए तो सरकार बकायदा ठेका जारी कर वन उपज संग्रहण से लेकर जंगलों में इमारती लकड़ियों की नीलामी के जरिए वर्षों से अपना खजाना भरते आ रही है। अब तो कबीरधाम जिले के भोरमदेव अभ्यारण में वन विभाग के जरिए 36 किलोमीटर लंबा जंगल सफारी ट्रैक और 6 किलोमीटर लंबा इको ट्रैक भी शुरू कर कमाई की व्यवस्था कर ली गई है।

दूसरी तरफ वन तस्कर जिले के जंगलों को बड़ी ही बेदर्दी से उजाड़ कर दोहन करते आ रहे हैं। लेकिन जहां तक जंगलों के संरक्षण और संवर्धन की बात की जाए तो इसके लिए प्रदेश सरकार से लेकर स्थानीय शासन प्रशासन और वन विभाग जरा भी गंभीर नजर नहीं आ रहा है। यही वजह है कि अब कुछ सक्रिय ठगों ने जंगलों के फर्जीवन वन अधिकार पट्टा बनाकर जंगलों को बर्बाद करने का एक नया रास्ता खोल दिया है।

ऐसा ही एक मामला कवर्धा जिले के रेंगाखार वन परिक्षेत्र अंतर्गत समनापुर सर्किल के ग्राम अंजना से सामने आया है, जहां अशिक्षित बैगा आदिवासियों को वन अधिकार पट्टा दिलाने के नाम पर एक व्यक्ति द्वारा लाखों रुपए की धोखाधड़ी की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, गांव के लगभग 5 ग्रामीणों से प्रति पट्टा 50 से 60 हजार रुपए की राशि वसूली गई, जिससे कुल ठगी का आंकड़ा करीब 2 लाख 60 हजार रुपए तक पहुंच गया। आरोप है कि गांव के ही राजेंद्र सिंह धुर्वे ने ग्रामीणों को वन भूमि का पट्टा दिलाने का झांसा देकर यह रकम वसूली। पीड़ित ग्रामीण चमर सिंह ने बताया कि उन्होंने 50-50 हजार रुपए देकर अपने और अपने पुत्र के नाम पर 2-2 एकड़ भूमि के दो वन अधिकार पट्टे बनवाए।

इसी तरह संतोष कुमार धुर्वे ने 60 हजार रुपए देकर 3 एकड़ का पट्टा बनवाने की बात कही। वहीं पंचू सिंह ने बताया कि उन्होंने भी करीब 7 महीने पहले 50-50 हजार रुपए देकर अपने और अपनी पत्नी के नाम पर दो-दो एकड़ के पट्टे बनवाए थे। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि इस रकम की व्यवस्था करने के लिए उन्हें अपने घर की धान और महिलाओं के जेवर तक बेचने पड़े। मामले का खुलासा तब हुआ जब किसान इस सीजन में खेती के लिए समनापुर सेवा सहकारी समिति में पट्टों का पंजीयन कराने पहुंचे। वहां अधिकारियों ने पहली नजर में ही इन दस्तावेजों को फर्जी और अवैध करार दे दिया। इसके बाद पीड़ितों ने वन परिक्षेत्र अधिकारी और झलमला पुलिस में शिकायत दर्ज कराते हुए आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई और अपनी राशि वापस दिलाने की मांग की है।



### अभियान चलाकर कार्रवाई की जरूरत

दुर्भाग्य का विषय है कि जिले में लगातार ऐसे प्रकरण सामने आ रहे हैं, लेकिन प्रशासन तथा वन विभाग द्वारा इन मामलों को जरा भी गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है। जिससे ठगों के हौसले बुलंद हैं। माना जा रहा है कि अगर इस विषय को गंभीरता से लेते हुए पूरे जिले में विशेष जांच अभियान चलाकर अवैध वन अधिकार पट्टा के खिलाफ कार्यवाही की जाए तो न सिर्फ कई बड़े खुलासे हो सकते हैं बल्कि सैकड़ों एकड़ वनभूमि को अवैध कब्जा मुक्त भी कराया जा सकता है।

### जंगलों में अवैध कटाई और खेती जारी, समर्थन मूल्य में बिक रही अवैध कब्जे में उपजी फसल

वन अधिकार पट्टा के नाम पर अवैध कब्जा, कटाई और खेती का सिलसिला बदस्तूर जारी है, जिससे वन संपदा को नुकसान पहुंच रहा है। विशेष कर मानसून के सीजन में जंगलों में अवैध कब्जा की बाढ़ सी आ जाती है और कब्जाधारी जिले के जंगलों के भीतर हरे-भरे पेड़ों को नष्ट कर और उसे कृषि भूमि में तब्दील कर धान सहित अन्य फसल लेते हैं। इतना ही बाद भी वे इसी फसल को सरकार समर्थन मूल्य में बेंच भी रहे हैं।

# विद्युत विभाग नहीं सुन रहा किसान की गुहार

- बीते महिने भर से पीड़ित किसान दफ्तरों के काट रहा चक्कर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

अभी हाल ही में छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कम्पनी के मुख्य अभियंता एचके मेश्राम एवं कार्यपालक निदेशक परियोजना एम जामुलकर ने कबीरधाम जिलें के अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेकर इस बात के निर्देश दिए थे कि विद्युत उपभोक्ताओं की शिकवा शिकायतों और विशेष कर किसानो की शिकायतों व समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर करें।



लेकिन ऐसा लगता है कि विभाग के अधिकारियों ने बैठक में ही इन निर्देशों एक कान से सुनने के बाद दूसरे कान से बाहर निकाल दिया है। यही वजह है कि जिले के ग्राम गोबर्रा तहसील कुण्डा के किसान सागर साहू के खेत में लगे नलकूप को आपूर्ति करने वाला बिजली का केबल तार जर्जर होकर करीब एक माह से ज्यादा समय से खराब पड़ा है जिसकी शिकायतें दर्जनो मर्तवा किए जाने के बाद भी विभाग के अधिकारी किसान की गुहार नहीं सुन रहे हैं। पीड़ित किसान ने बताया कि वे पिछले एक माह से कार्यपालन अभियंता पंडरिया कार्तिक झा, सहायक अभियंता कोमल साहू पंडरिया, कनिष्ठ अभियंता सत्यम मेरावी कुण्डा के चक्कर लगा लगाकर थक चुके है। लेकिन उन्हें हर बार आश्वासन के अलावा कुछ नहीं दिया जा रहा है।

किसान ने बताया कि यह खेती किसानी का समय है और नलकूप बंद होने के कारण वे धान का रोपा नहीं लगा पा रहे हैं। बताया जाता है कि अब थक हारकर पीड़ित किसान ने अपनी समस्या से भारतीय किसान संघ को अवगत कराया है और संघ ने चेतावनी दी है कि अगर तीन दिन के अंदर केबल तार नहीं बदला गया तो भारतीय किसान संघ बिजली विभाग पंडरिया के सामने धरना प्रदर्शन करेगी जिसकी पूरी जिम्मेदारी विद्युत विभाग की होगी। उक्त जानकारी संघ के जिला प्रचार प्रमुख दिनेश चन्द्रवंशी ने जारी बयान में दी है।

# भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ रहा पंचायत का नाली निर्माण

## घटिया निर्माण सामग्री के साथ मनमानी भी





हरिभूमि न्यूज ⏭ बोड़ला

ग्राम पंचायत तरेंगांव मैदान के आश्रित ग्राम लालपुर खुर्द में चल रहा नाली निर्माण कार्य भ्रष्टाचार और विभागीय लापरवाही की भेंट चढ़ता नजर आ रहा है।

शासन द्वारा ग्रामीणों की सुविधा के लिए 5 लाख रूपए की लागत से स्वीकृत इस निर्माण कार्य में कार्य एजेंसी ग्राम पंचायत तरेंगांव मैदान द्वारा ही नियमों को ताक पर रखकर घटिया निर्माण सामग्री का धड़ल्ले से उपयोग किया जा रहा है। ग्रामीणों की शिकायत के बाद जब मीडिया ने इस जमीनी हकीकत को उठाया, तब जाकर प्रशासनिक महकमे में हड़कंप मचा है। बताया जाता है कि कार्य ऐजेंसी द्वारा नाली निर्माण में तकनीकी मानकों की जमकर धज्जियां उड़ाई गई हैं। निर्माण कार्य में सफेद और मजबूत गिट्टी की जगह बेहद घटिया क्वालिटी की लाल बारीक गिट्टी का धड़ल्ले से उपयोग किया जा रहा था।

इतना ही नहीं, नाली को मजबूती देने के लिए लगाए जाने वाले लोहे के सरियों की दूरी भी निर्धारित सरकारी मानक से कहीं अधिक रखी गई थी। साफ है कि सरिए की मात्रा कम करके और घटिया मटेरियल लगाकर सरकारी राशि को ठिकाने लगाने का खेल खेला जा रहा था। जब इस पूरे गड़बड़झाले को लेकर विभाग के तकनीकी सहायक से जानकारी ली गई, तो वे अगले दिन मौके पर पहुंचे। उन्होंने आनन-फानन में वहां बची हुई लाल बारीक गिट्टी को तो मौके से हटवा दिया, लेकिन तब तक कुछ मीटर तक का नाली निर्माण इसी घटिया मटेरियल से किया जा चुका था।

इस गंभीर लापरवाही पर पर्दा डालते हुए तकनीकी सहायक ने एक हास्यास्पद और अजीबोगरीब दलील दी। उनका कहना था कि लाल गिट्टी केवल बेस के लिए लाई गई थी। काम के दौरान मुख्य मटेरियल खत्म हो गया था, इसलिए थोड़ा सा काम इस लाल गिट्टी से कर दिया गया। अब सवाल यह उठता है कि नाली निर्माण के बेस में लाल बारीक गिट्टी का उपयोग किस सरकारी नियम के तहत जायज है?

इस तकनीकी सहायक की यह दलील ही यह साबित करने के लिए काफी है कि निर्माण कार्य में पंचायत और तकनीकी अमले की मिलीभगत से भारी अनियमितता बरती गई है।

### जनपद के सीईओ ने दिया जांच का भरोसा

5 लाख के इस प्रोजेक्ट में हुए इस खुले भ्रष्टाचार की गूंज अब ऊंचे अधिकारियों तक पहुंच चुकी है। इस पूरे विषय पर कड़ा रुख अख्तियार करते हुए जनपद सीईओ आकाश राजपूत ने मामले को बेहद गंभीरता से लिया है। उन्होंने दो टूक शब्दों में कहा है कि निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की गुणवत्ता से समझौता नहीं किया जाएगा। देखने वाली बात होगी की अब इस पर क्या कार्यवाही की जाती है।

# कस्तुरबा गांधी बालिका छात्रावास दुल्लापुर की बालिकाओं की अचानक बिगड़ी तबियत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



जिले के विकासखण्ड पंडरिया अंतर्गत ग्राम दुल्लापुर में संचालित कस्तुरबा गांधी बालिका छात्रावास में सोमवार को अध्यनरत करीब 13 छात्राओं की अचानक तबियत खराब हो गई।

बताया जाता है कि छात्रावास में भोजन खाने के बाद इन छात्राओं को उल्टी, दस्त और पेट दर्द की शिकायत शुरू हो गई। इस शिकायत के सामने आने के बाद पूरी छात्रावास प्रशासन में हड़कंप मंच गया और आननफानन में ज्यादा पीड़ित चार छात्राओं को पंडरिया सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में दाखिल कराया गया। वहीं अन्य छात्राएं स्थानीय ईलाज के बाद ठीक बताई जा रही है। इस संबंध में छात्रावास अधीक्षिका कामिनी जोशी ने बताया कि फूड प्याजनिंग का मामला नहीं लगता क्योंकि इन छात्राओं के आलावा छात्रावास की अन्य करीब 200 बालिकाओं ने भी वहीं भोजन खाया था। ऐसे में यह मौसम की वजह से हो सकता है।

घटना की जानकारी मिलने के बाद क्षेत्रीय विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने भी सक्रियता दिखाते हुए अपनी टीम को मौके पर रवाना किया और प्रभावित बालिकाओं के बेहतर ईलाज की व्यवस्था कराई। साथ ही छात्रावास में परोसे गए भोजन की जांच कराए जाने की बात कहीं जा रही है। बहरहाल बच्चियों की हालत सामान्य बताई जा रही है।

# राजानवागांव शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल में करियर काउंसलिंग कार्यक्रम का भव्य आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा, प्रतियोगी परीक्षाओं एवं रोजगार के बेहतर अवसरों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से राजानवागांव में करियर काउंसलिंग कार्यक्रम का आयोजन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राजानवागांव में किया गया।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों को विभिन्न करियर विकल्पों, अध्ययन की रणनीतियों तथा भविष्य की संभावनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रमोद कुमार शुक्ला ने विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। व्याख्याता विवेक कुमार श्रीवास्तव ने विभिन्न शैक्षणिक क्षेत्रों एवं प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। कार्यक्रम में सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी शेखर सिंह राजपूत एवं रोशे लाल पाटिल ने छात्राओं को घर में लगन से पढ़ाई करने और घरेलू रोजगार संबंधित जानकारी दिया। सुजीत कुमार गुप्ता प्राचार्य ने गणित विषय पर बेहतर विकल्प पर चर्चा की। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने कौशल का विकास करते हुए उज्वल भविष्य के निर्माण का संदेश दिया।

कार्यक्रम का प्रभावी मंच संचालन शिवेंद्र कुमार चंद्रवंशी ने किया। महिला एवं बाल विकास कार्यक्रम मिशन समन्वयक कविता राजपूत और सरिता साहू ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की मूल भावना को व्यक्त करते हुए अतिथियों को स्मृति चिह्न से सम्मानित किया ।इस अवसर पर व्याख्याता पूनम तिवारी, तरुणा नामदेव, आशा अवस्थी, बरखा रानी साहू, आशीष तिवारी धनंजय यादव, पवन सिंहा सहित विद्यालय का शिक्षकीय स्टाफ एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों ने करियर संबंधी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया तथा इस प्रकार के मार्गदर्शन कार्यक्रम के समापन पर पौधरोपण कार्यक्रम किया गया।

### तीन साल का बालक सर्पदंश का शिकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले के विकासखण्ड पंडरिया अंतर्गत ग्राम कुकरापानी निवासी एक 3 वर्षीय बालक जहरीले सर्प दंश का शिकार हो गया। जिसके बाद उसे अब जिला अस्पताल में दाखिल कराया गया है जहां उसका ईलाज जारी है। बताया जाता है ग्राम कुकरापानी निवासी मनेश बेग आयु 3 वर्ष सोमवार की सुबह अपने घर में सो रहा था। इसी दौरान एक जहरीले सर्प ने उसे कान में दंश मार दिया। जिसके बाद मनेश का पूरा चेहरे में सूजन आ गई। लेकिन परिजनों ने इस गंभीर स्थिति में भी पीड़ित बालक को अस्पताल ले जाने के बजाय पहले झाड़ फूंक कराया और जब हालत में कोई सुधार नही हुई तब उसे तरेगांव जंगल अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्साकों बच्चे की स्थिति को देखते हुए उसे तत्काल जिला अस्पताल कवर्धा रिफर कर दिया है। फिर जिला अस्पताल में बच्चे का ईलाज जारी है।

## जनजागरण अभियान एवं जनप्रतिनिधियों से मिलने की बनी रणनीति

# रेलवे संघर्ष समिति के पुनर्गठन को लेकर बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

बहुप्रतीक्षित कटघोरा-कवर्धा-डोंगरगढ़ रेलवे परियोजना को शीघ्र प्रारंभ कराने के उद्देश्य से रेलवे संघर्ष समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में समिति के पुनर्गठन, आगामी कार्ययोजना तथा जनआंदोलन को पुनः सशक्त स्वरूप देने पर विस्तृत चर्चा हुई।

उपस्थित सदस्यों ने एकमत होकर कहा कि यह रेल परियोजना केवल एक रेल लाइन नहीं, बल्कि कबीरधाम, खैरागढ़, मुंगेली एवं आसपास के समूचे क्षेत्र के आर्थिक, औद्योगिक, शैक्षणिक, पर्यटन तथा सामाजिक विकास की आधारशिला है। बैठक में वरिष्ठ सदस्य बंटी, मनीष तिवारी ने कहा कि वर्षों से लंबित इस महत्वाकांक्षी परियोजना को गति दिलाने के लिए अब रेलवे संघर्ष समिति संगठित रूप से क्षेत्र के सभी जनप्रतिनिधियों से भेंट करेगी। उन्होंने सांसद, विधायक, उपमुख्यमंत्री, मुख्यमंत्री तथा रेल मंत्रालय के समक्ष क्षेत्रवासियों की भावनाओं एवं मांगों को मजबूती से रखने का प्रस्ताव रखा। उन्होंने कहा कि अब केवल आश्वासनों का समय समाप्त हो चुका है, इसलिए परियोजना का कार्य प्रारंभ कराने के लिए निर्णायक पहल आवश्यक है।

उनके इस प्रस्ताव का उपस्थित सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से समर्थन किया। बैठक को संबोधित करते हुए निखिलेश शरण सोनी 'प्रतीक' ने कहा कि कटघोरा-कवर्धा-डोंगरगढ़ रेलवे लाइन पूरे अंचल की ऐतिहासिक एवं परिवर्तनकारी विकास परियोजना है।

उन्होंने इसके समर्थन में व्यापक जनजागरण अभियान चलाने, गांव-गांव संपर्क अभियान, युवाओं, व्यापारियों, सामाजिक संगठनों एवं प्रबुद्ध नागरिकों को जोड़ने तथा इस जनहित के मुद्दे को जन-जन तक पहुंचाने पर बल दिया।

उन्होंने कहा कि जब तक यह परियोजना धरातल पर नहीं उतरती, तब तक समाज के प्रत्येक वर्ग को शांतिपूर्ण, लोकतांत्रिक एवं संगठित तरीके से संघर्ष जारी रखना होगा। बैठक में उपस्थित अन्य सदस्यों ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि रेलवे संघर्ष समिति को पुनः सक्रिय एवं संगठित कर इस जनहितकारी अभियान को नई ऊर्जा एवं व्यापक जनसमर्थन के साथ आगे बढ़ाया जाएगा।

### समिति का पुनर्गठन आगामी बैठक में



बैठक के अंत में सर्वसम्मति से यह प्रस्ताव पारित किया गया कि रेलवे संघर्ष समिति का विधिवत पुनर्गठन आगामी बैठक में किया जाएगा। बैठक में अध्यक्ष, संरक्षक, कार्याध्यक्ष, संयोजक, सह-संयोजक, महासचिव, सचिव, मीडिया प्रभारी एवं अन्य पदाधिकारियों का सर्वसम्मति से मनोनयन किया जाएगा, जिससे समिति और अधिक संगठित, प्रभावी एवं जनसक्रिय रूप में क्षेत्र की इस बहुप्रतीक्षित रेलवे परियोजना के लिए संघर्ष कर सके। अंत में सभी उपस्थित सदस्यों ने एक स्वर में संकल्प लिया कि कटघोरा-कवर्धा-डोंगरगढ़ रेलवे परियोजना के निर्माण तक संघर्ष निरंतर जारी रहेगा। जन-जागरण, जनसंपर्क, जनप्रतिनिधियों से सतत संवाद तथा लोकतांत्रिक आंदोलनों के माध्यम से इस बहुप्रतीक्षित परियोजना को शीघ्र धरातल पर उतारने के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे।

# स्काउट गाइड ने देखी छत्तीसगढ़ विधानसभा की कार्यवाही, प्राप्त की आवश्यक जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला संघ कबीरधाम के नवनियुक्त जिला मुख्य आयुक्त सचिन गुप्ता के नेतृत्व एवं जिला शिक्षा अधिकारी एफआर वर्मा के मार्गदर्शन में जिले के 70 स्काउट-गाइड के छात्र/छात्राओं ने विधानसभा का भ्रमण किया एवं सदन की कार्यवाही देखी। 17 जुलाई को विधानसभा के मानसून सत्र के अंतिम दिवस पर कबीरधाम जिले के स्काउट/गाइड के विद्यार्थियों ने विधानसभा का भ्रमण किया।

भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने विधानसभा सदन के प्रश्नकाल एवं अविश्वास प्रस्ताव जैसे महत्वपूर्ण कार्यवाही को देखा एवं कार्यवाही को समझने का अवसर मिला है और लोकतांत्रिक देश भारत में, लोकतंत्र में वोट की ताकत को करीब से जाना, जिसमें जनता के वोट से चुनी हुई। सरकार प्रदेश के विकास व जनता के हितकर फैसले कैसे लेती है। विधेयक कैसे पारित होते हैं, छत्तीसगढ़ राज्य की जनता की समस्या का समाधान कैसे होता है, इनको समझा।

बच्चे भारत के राजनीति विज्ञान के नए आयाम को समझें। कैसे हमारे वोट से बने विधायक व मंत्री हमारे लिए सदन में आवाज उठा कर जनता की समस्या का समाधान लाती हैं। बच्चें सदन की कार्यवाही से बहुत ही प्रेरित हुए।

जिला प्रभारी के रूप में जिला संगठन आयुक्त स्काउट अजय चंद्रवंशी, सुजीत कुमार गुप्ता, नीलम यदु, प्रियप्रकाश साहू, संजू जायसवाल, संजू मिश्रा, भगवती हठीले के सहयोग से भ्रमण व सदन की कार्यवाही अच्छे से बच्चों ने जाना एवं समझा।

## खबर संक्षेप



### सांसद विजय का विदेश यात्रा जाने से पहले सदस्यों ने किया स्वागत

**भिलाई।** रविवार को रायपुर स्थित स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट पहुंचकर सांसद विजय बघेल को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के आधिकारिक प्रतिनिधिमंडल के सदस्य के रूप में विदेश यात्रा पर प्रस्थान करने के अवसर पर विजय साहू के नेतृत्व में सदस्यों ने शुभकामनाओं सहित विदाई दी। सांसद विजय बघेल मोल्दोवा, उत्तर मैसेडोनिया एवं रोमानिया की राजकीय यात्रा में भारत का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। इस अवसर पर पंकज शर्मा, परमजीत सिंह, अभिषेक वर्मा, दीपांशु सहित अनेक शुभचिंतक उपस्थित थे।

### महापौर अलका बाघमार ने बाटे ऑफर लेटर

**दुर्ग।** महापौर अलका बाघमार ने स्किल डेवलपमेंट ट्रेनिंग सेंटर अंजोरा के 11 प्रशिक्षण पूर्ण करने के बाद छात्र-छात्राओं को प्रमाणपत्र वितरण किया गया। महापौर ने सभी छात्राओं से सामान्य बातचीत की उनका परिचय पूछा जॉब के लिए उन्हें मोटिवेट भी किया। प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन द्वारा संचालित स्किल डेवलपमेंट ट्रेनिंग सेंटर अंजोरा मल्टीफंक्शनल ऑफिस एसोसिएट डिपार्टमेंट के 12 छात्र-छात्राओं को 45 दिन प्रशिक्षण पूर्ण करने के बाद रोजगार मिला। इस प्रशिक्षण से बेरोजगार युवाओं को रोजगार अवसर मिल रहा हैं युवाओं की शैक्षणिक योग्यता के आधार पर मल्टीफंक्शनल ऑफिस असोसिएट का प्रशिक्षण में इण्डस्ट्रीज की उपयोगी जानकारी सिखाई जा रही है। एमआईसी सदस्य शेखर चन्द्राकर, ज्ञानेश्वर ताम्रकर, पार्षद लोकेश्वरी ठाकुर, सरिता चंद्राकर ने युवाओं को शुभकामनाएं दी।

# हर नागरिक को मिले शीघ्र और सुलभ न्याय, डिजिटल मॉड्यूल पर हुई कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

हाईकोर्ट के निर्देश और जिला एवं सत्र न्यायाधीश के. विनोद कुजूर के मार्गदर्शन में ई-कोर्ट परियोजना के अंतर्गत न्यायालयों में डिजिटल तकनीकों के प्रभावी क्रियान्वयन तथा न्याय वितरण प्रणाली को अधिक पारदर्शी, त्वरित, सुगम एवं तकनीक-सक्षम बनाने के उद्देश्य सेन्याय श्रुति, ई-साक्ष्य, ई-समन, ई-चालान, सीसीटीएनएस तथा आईसीजेएस विषयों पर एक दिवसीय कार्यशाला का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। कार्यशाला का संचालन अपर सत्र न्यायाधीश दीपक कोशले और व्यवहार न्यायाधीश रवि महोबिया ने किया। कार्यक्रम में जिला न्यायपालिका के समस्त न्यायिक अधिकारियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

कार्यशाला में ई-कोर्ट परियोजना के अंतर्गत विकसित नवीन डिजिटल मॉड्यूलों के व्यावहारिक उपयोग, उनकी कार्यप्रणाली तथा न्यायालयीन कार्यों में उनके प्रभावी क्रियान्वयन का विस्तृत प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस दौरान न्याय श्रुति के माध्यम से न्यायालयीन कार्यवाही के डिजिटल ट्रांसक्रिप्शन, ई-साक्ष्य द्वारा इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों के सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित प्रबंधन, ई-समन के माध्यम से समन की त्वरित एवं पारदर्शी तामील, ई-चालान प्रणाली के प्रभावी उपयोग, सीसीटीएनएस के माध्यम से पुलिस एवं न्यायालय के मध्य सूचना समन्वय तथा आईसीजेएस के माध्यम से न्यायालय, पुलिस, जेल एवं अन्य अन्वेषण एजेंसियों के बीच डिजिटल सूचना के निर्बाध आदान-प्रदान की प्रक्रिया का व्यवहारिक प्रदर्शन किया गया।

## प्रधान जिला एवं सत्र न्यायालय दुर्ग में ई-कोर्ट परियोजना पर एक दिवसीय आयोजन



**डिजिटल प्रणालियों के बारे में विस्तार से दी गई जानकारी :** कार्यशाला के दौरान माननीय उच्च न्यायालय द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुरूप सभी न्यायिक अधिकारियों को इन डिजिटल प्रणालियों के अधिकतम एवं प्रभावी उपयोग हेतु प्रशिक्षित किया गया। साथ ही प्रतिभागियों की जिज्ञासाओं का समाधान करते हुए विभिन्न मॉड्यूलों के व्यवहारिक एवं तकनीकी पहलुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। न्यायाधीश के. विनोद कुजूर ने कहा कि ई-कोर्ट परियोजना भारतीय न्यायपालिका को आधुनिक, पारदर्शी एवं नागरिक-केंद्रित न्याय व्यवस्था की ओर अग्रसर करने वाला एक महत्वपूर्ण कदम है।

### नागरिक को शीघ्र और सुलभ न्याय मिले

न्यायाधीश दीपक कोशले ने कहा कि सूचना प्रौद्योगिकी आधारित न्यायिक व्यवस्था न्याय वितरण प्रणाली को अधिक पारदर्शी, त्वरित एवं उत्तरदायी बनाएगी तथा नागरिकों को शीघ्र एवं सुलभ न्याय उपलब्ध कराने के उद्देश्य को और अधिक सशक्त करेगी। न्यायाधीश रवि महोबिया ने सभी न्यायिक अधिकारियों से आग्रह किया कि वे ई-कोर्ट परियोजना के अंतर्गत विकसित डिजिटल मॉड्यूलों का नियमित, प्रभावी एवं उत्तरदायित्वपूर्ण उपयोग सुनिश्चित करें। कार्यशाला का समापन सभी न्यायिक अधिकारियों द्वारा ई-कोर्ट परियोजना के विभिन्न डिजिटल मॉड्यूलों के प्रभावी क्रियान्वयन, न्यायालयों में तकनीक आधारित कार्यप्रणाली को सुदृढ़ करने तथा आम नागरिकों को अधिक पारदर्शी, त्वरित एवं सुलभ न्याय उपलब्ध कराने के सामूहिक संकल्प के साथ हुआ।

### वांगचुक की गिरफ्तारी के खिलाफ संयुक्त वाम मोर्चा का प्रदर्शन

# शिक्षा के निजीकरण से गरीब व मेहनतकशों के बच्चों को नुकसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

केंद्र सरकार की विद्यार्थी विरोधी नीतियों, पेपर लीक,बढ़ती बेरोजगारी और लोकतांत्रिक हमलों के खिलाफ संयुक्त वामपंथी मोर्चा और यूनियनों द्वारा रविवार शाम को सिविकसेंटर बेरोजगार चौक पर विरोध प्रदर्शन किया गया। संयुक्त वामपंथी जनवादी मोर्चा ने कहा कि जंतर-मंतर पर शिक्षा व्यवस्था में व्याप्त भ्रष्टाचार, पेपर लीक और युवाओं के भविष्य की रक्षा की मांग को लेकर शांतिपूर्ण अनशन कर रहे शिक्षाविद और जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक को पुलिस द्वारा जबरन हटाया जाना लोकतांत्रिक अधिकारों का घोर उल्लंघन है। सरकार जनता की आवाज़ सुनने के बजाय दमन का रास्ता अपना रही है। गिरफ्तारी यह साबित करती है कि केंद्र सरकार छात्रों और युवाओं के न्यायपूर्ण आंदोलन से भयभीत है।

प्रदर्शन में संयुक्त वामपंथी जनवादी मोर्चा ने कहा कि देशभर में नीट सहित अनेक प्रतियोगी परीक्षाओं में पेपर लीक, सीबीएसई पेपर चेकिंग घोटाला और भर्ती घोटालों ने करोड़ों विद्यार्थियों का भविष्य संकट में डाल दिया है। इसके बावजूद केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को पद पर बनाए रखना सरकार की विफलता और गैर-जवाबदेही का प्रमाण है। शिक्षा मंत्री का इस्तीफा अब केवल राजनीतिक नहीं, बल्कि नैतिक आवश्यकता बन चुका है। सरकार दोषियों पर कार्रवाई करने के बजाय उन्हें संरक्षण दे रही है।

## शिक्षामंत्री की गिरफ्तारी की मांग



### महंगी शिक्षा से गरीब बच्चे वंचित हो रहे

वक्ताओं ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 शिक्षा के सार्वजनिक चरित्र को कमजोर कर उसे निजी कंपनियों और कोचिंग उद्योग के हवाले करने का रास्ता खोल रही है। शिक्षा का बढ़ता निजीकरण, केंद्रीकरण और व्यावसायीकरण गरीब, ग्रामीण तथा मेहनतकश परिवारों के बच्चों को उच्च शिक्षा से दूर कर रहा है। शिक्षा को अधिकार के बजाय व्यापार में बदलने की नीति देश के भविष्य के साथ खिलवाड़ है। भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी), भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी, भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी-लेनिनवादी) लिबरेशन, एटक, एक्टू, एचएमएस, लोइमो, स्टील वर्कर्स यूनियन, छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा कार्यकर्ता समिति सहित अनेक जनसंगठनों के कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। राष्ट्रीय परीक्षा प्रणाली में व्यापक सुधार, दोषियों को कठोर सजा, सभी परीक्षाओं में पारदर्शिता तथा समान और गुणवत्तापूर्ण सार्वजनिक शिक्षा की गारंटी सुनिश्चित करनी होगी। दमन और गिरफ्तारी से छात्रों का आंदोलन नहीं रुकेगा। मोर्चा ने मांग की कि सोनम वांगचुक सहित सभी आंदोलनकारियों पर की गई दमनात्मक कार्रवाई वापस ली जाए, केंद्रीय शिक्षा मंत्री तत्काल इस्तीफा दें, राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 वापस ली जाए तथा शिक्षा व्यवस्था को सार्वजनिक, पारदर्शी, वैज्ञानिक और लोकतांत्रिक आधार पर पुनर्गठित किया जाए। देश के करोड़ों विद्यार्थियों के भविष्य की रक्षा के लिए केंद्र सरकार को जनभावनाओं का सम्मान करते हुए तुरंत ठोस कदम उठाने होंगे, अन्यथा छात्र, युवा, मजदूर, किसान और लोकतांत्रिक शक्तियां पूरे देश में संघर्ष को और व्यापक बनाएंगी।

# विश्व जनसंपर्क दिवस पर बीएसपी में कनेक्टकॉन पीआर कॉन्क्लेव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई



विश्व जनसंपर्क दिवस के उपलक्ष्य में बीएसपी के जनसंपर्क विभाग द्वारा भिलाई निवास में बहुउद्देशीय सभागार में पीआर कॉन्क्लेव 'कनेक्टकॉन का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि निदेशक प्रभारी चित्तरंजन महापात्र थे।

कॉन्क्लेव में सेल की इकाईयों आरएसपी, सेल कॉर्पोरेट कार्यालय ( दिल्ली), वीआईएसएल, सेल रिफ्रैक्टरी यूनिट तथा चंद्रपुर फेरो अलॉय प्लांट के जनसंपर्क प्रतिनिधियों के साथ आकाशवाणी, प्रेस सूचना ब्यूरो (पीआईबी), दूरदर्शन, एनएसपीसीएल, स्टेट बैंक आदि संस्थानों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। ईडी एके चक्रवर्ती, प्रवीण निगम, पवन कुमार, पीके सरकार, कमल भास्कर,अरुण कुमार तथा सीजीएम तुषार कांत सहित सीजीएम आदि अधिकारी उपस्थित थे। श्री महापात्र ने कहा कि जनसंपर्क आज केवल सूचना प्रसारित करने का माध्यम नहीं, बल्कि विश्वास निर्माण, हितधारकों के साथ सशक्त संवाद स्थापित करने तथा किसी भी संगठन की उपलब्धियों को पारदर्शिता एवं उद्देश्यपूर्ण ढंग से समाज तक पहुँचाने का एक महत्वपूर्ण रणनीतिक उपकरण बन चुका है। उन्होंने कहा कि इन उपलब्धियों एवं उनके व्यापक सामाजिक-आर्थिक प्रभावों को प्रभावी ढंग से जन-जन तक पहुँचाने में जनसंपर्क की भूमिका महत्वपूर्ण है। महाप्रबंधक प्रभारी अमूल्य प्रियदर्शी ने स्वागत भाषण में कॉन्क्लेव की रूपरेखा से प्रतिभागियों को अवगत कराया। प्रथम तकनीकी सत्र 'पेचा-कुचा में वक्ता निशांत वर्मा जॉयदेव मजूमदार (आरएसपी), शकील अहमद खान (सीएफपी), परिमल सिन्हा व भावना नायक (एनएसपीसीएल), रमेश जयभाये, कुणाल व्यास(पीआईबी, रायपुर), शौकत इमाम खान और एम. श्रीनिवास राव (आकाशवाणी, रायपुर), अर्पित तिवारी (माई भारत), अनिल कुमार यादव ( एसबीआई) सहित एसबीआई के अधिकारी शरद बैस, लुकेश रामटेके, सुशील अग्रवाल तथा बीएसपी की उप प्रबंधक शालिनी चौरसिया संयंत्र की विकास यात्रा में पीआर की भूमिका पर प्रस्तुति दी। एचआरसी, रायपुर से मनीष मिश्रा, वीआईएसएल नवीन राहुल, सेल रेफ्रेक्टरी यूनिट डॉ. प्रियंका दास और मधुसूदन राव तथा सीएसपीडीसीएल से विकास शर्मा ने कार्यक्रम में सहभागिता की।

### पैनल चर्चा व लघु फिल्मों का प्रदर्शन

ट्रुथ, ट्रस्ट एंड टेक्नोलॉजीः टेकिंग पीआर टू द नेक्सट लेवल विषय पर पैनल चर्चा आयोजित की गई। सत्र का नेतृत्व बीएसपी के पूर्व विभागाध्यक्ष एस पी एस जग्गी तथा भारतीय प्रबंध संस्थान (आईआईएम) रायपुर के प्रोफेसर डॉ. मृणाल चावड़ा ने किया। सत्र का संचालन महाप्रबंधक प्रभारी अमूल्य प्रियदर्शी द्वारा किया गया। जनसंपर्क विभाग द्वारा निर्मित लघु फिल्मों व माइंड मेज व क्विज का आयोजन भी हुआ। समापन समारोह के मुख्य अतिथि कार्यपालक निदेशक पवन कुमार ने विजेताओं, प्रतिभागियों, निर्णायकों को सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन उप महाप्रबंधक अपर्णा चंद्रा ने किया । आयोजन में एजीएम जवाहर बाजपेयी सहित बीएसपी के पीआर टीम का योगदान रहा।

# राज्य स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम स्थल का कलेक्टर ने किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए 20 जुलाई को राज्य स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। पाटन के स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय जामगांव एम के प्रांगण में सोमवार दोपहर 12 बजे से आयोजित होगा। इस राज्य स्तरीय कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय होंगे।

कार्यक्रम में अतिविशिष्ट अतिथि के रूप में उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव करेंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री एवं अतिथियों द्वारा शाला में प्रथम बार प्रवेश लेने वाले नवप्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर और मुंह मीठा कराकर आत्मीय स्वागत किया जाएगा।

विशिष्ट अतिथि के रूप में सांसद विजय बघेल, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चन्द्राकर, अहिवारा विधायक डोमन लाल कोर्सेवाड़ा उपस्थित रहेंगे। इसके साथ ही वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन, भिलाई विधायक देवेन्द्र यादव, साजा विधायक ईश्वर साहू, छग खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड के अध्यक्ष राकेश पाण्डेय, तेलघानी विकास बोर्ड के अध्यक्ष जितेन्द्र साहू भी कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। कार्यक्रम की भव्यता को बढ़ाने के लिए स्थानीय त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओं के पदाधिकारी भी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। इस उत्सव का मुख्य उद्देश्य बच्चों में शिक्षा के प्रति उत्साह जगाना और शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करना है। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा सभी गणमान्य नागरिकों और पालकों से कार्यक्रम में उपस्थिति की अपील की गई है।

## चंदा चोरी को लेकर कांग्रेसियों ने किया विरोध प्रदर्शन



**भिलाई।** जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग ग्रामीण अध्यक्ष राकेश ठाकुर के नेतृत्व में अयोध्या राम मंदिर चढ़ावा चोरी का विरोध भिलाई 3 राम मंदिर व जामुल के साथ विभिन्न ब्लॉक, मंडल स्तरों पर कार्याकर्ताओं द्वारा जमकर प्रदर्शन किया गया। इस दौरान महापौर निर्मल कोसरे, महामंत्री व जामगांव आर पाटन प्रभारी राम सूर्यवंशी, पार्षद भारती सूर्यवंशी, प्रेम मिश्रा, ललित दुर्गा, एम जॉनी, शिव कुमार यादव, विक्रम मारकंडे,पप्पू चंद्राकर, टेनेंद्र ठाकरे,मोहन साहू, श्रीकांत वर्मा समेत अन्य पदाधिकारीगण मौजूद थे।

### वार्ड-15 में 23 जुलाई तक निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**भिलाई।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनसेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जन सेवा समिति (मोदी ग्रुप) के तत्वावधान में वैशालीनगर विधानसभा वार्ड-15 गायत्री मंदिर प्रांगण, लोक भारती स्कूल के सामने 23 जुलाई तक प्रतिदिन प्रातः 9 से 12 बजे तक निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह स्वास्थ्य शिविर पूर्व जिला महामंत्री, भाजयुमो लोकेश पांडेय के मार्गदर्शन में आयोजित किया जा रहा है। शिविर का उद्देश्य क्षेत्र के नागरिकों को विशेषज्ञ चिकित्सकीय परामर्श एवं स्वास्थ्य संबंधी सुविधाएं निःशुल्क उपलब्ध कराना है, ताकि अधिक से अधिक लोग स्वास्थ्य लाभ प्राप्त कर सकें।

# कुटेलाभाठा में 17 परिवारों के सामने आशियाने का संकट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

- आईआईटी के पास की जगह को लेकर हो रहे परेशान



कुटेला भाटा के लगभग 17 परिवारों के 100 से अधिक लोगों के सामने आशियाने का संकट पैदा हो गया है। ये परिवार पिछले 60 वर्षों से इस जमीन पर शांतिपूर्वक निवास कर रहे हैं। स्थगन आदेश के बावजूद इन परिवारों को बेदखली का नोटिस प्रशासन ने थमा दिया है। वरिष्ठ नागरिक संघर्ष समिति का कहना है कि ये परिवार कानून सम्मत तरीके से रहने के लिए तैयार हैं। यदि शासन इन गरीब भूमिहीनों को गरिमापूर्ण जीवन जीने और रहने हेतु शासकीय नियमों के तहत निर्धारित आवास का अधिकार देते हुए प्रति परिवार 5 डिसमिल (लगभग 2100 वर्ग फीट) जमीन आबंटित करता है, तो ये सभी परिवार इसके लिए निर्धारित शासकीय राजस्व शुल्क भी नियमानुसार पटाने को पूरी तरह तैयार हैं।

समिति का आरोप है कि भिलाई के एक रसूखदार और चुनाव हार चुके नेता अपनी अवैध कमाई से खरीदे गए फार्म हाउस को बचाने के लिए यह सारा षड्यंत्र रच रहे हैं। जमीन हड़पने का खेल रचा है। समिति ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि गरीबों के आशियाने छीने गए, तो इसका सीधा असर भिलाई नगर निगम सहित अन्य चार निगम चुनावों और आगामी विधानसभा चुनावों पर पड़ेगा। ग्रामीणों ने इसे लेकर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान गांव के उपसरपंच, पंच सहित अन्य बड़ी संख्या में मौजूद थे।

## घासीदास बाबा मंगल भवन का 10 लाख से होगा अपग्रेड

**भिलाई।** नगर पालिका परिषद जामुल वार्ड 20 सुरडुंग में दस लाख रूपये के लागत से गुरू घासीदास बाबा मंगल भवन का जीर्णोद्धार होगा। इसके लिए नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर ने स्थल पूजन किया। जामुल पालिका अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर ने बताया कि विकास कार्य तो आम जनता के सुविधा के लिए अनिवार्य है। इसके अतिरिक्त हमारे युग पुरूषों हमारे समाज को नई दिशा देने वाले महान अनुभुतियों को सम्मान देना भी हम सब का कर्त्तव्य है। इसी कड़ी में मनखे मनखे एक समान का समाज निर्माणकर्ता गुरू घासीदास बाबा के विचारों के अनुरूप आज हम सब उनके उनके जैतखाम को भव्य एवं सुंदर बनाने आज स्थल पूजन कर रहे हैं। जो कि हम सबको एक समान होने का परिचय देता है। मैं आप सभी से आग्रह करता हूं कि यह जीर्णोद्धार कार्य के अनुरूप सबको एक समान माने एवं इस सतनाम समाज के आदर्शों का पालन करें। इस दौरान वार्ड पार्षद शांति टंडन, पार्षद अहिल्या वर्मा, विशेश्वर वर्मा, तुलाराम टंडन, बालक दास, उमेंद वर्मा, संजय शर्मा, बाली बर्मन, राजबती, भीखम लाल, देवबती, सरोज सेन, मनहु साहू, लता देवांगन, धनेश कृपाराम, मेहतरू राम, सोहन लाल, सुनिता, प्रेमुराम मौजूद थे।

पेज 9 के शेष

### हरिभूमि की खबर के ...

**पहले भी हुई थी खानापूर्ति, पहली बारिश में उखड़ गई थी मरम्मतः** स्थानीय लोगों का कहना है कि बरसात शुरू होने से पहले भी पीडब्ल्यूडी ने स्टोन डस्ट और मुरम डालकर गड्ढों को भरने का काम किया था, लेकिन पहली ही बारिश में पूरी मरम्मत बह गई। लोगों का आरोप है कि विभाग हर बार अस्थायी और खानापूर्ति वाली मरम्मत कर अपनी जिम्मेदारी पूरी मान लेता है, जबकि सड़क का स्थायी समाधान नहीं किया जाता। अस्थायी राहत मिली,अब स्थायी समाधान की मांग हालांकि विभाग द्वारा शुरू किए गए मरम्मत कार्य से लोगों को तत्काल राहत मिलने की उम्मीद जगी है, लेकिन क्षेत्र वासियों का कहना है कि केवल गड्ढे भरने से समस्या का समाधान नहीं होगा। बरसात समाप्त होने के बाद लगभग दो किलोमीटर सड़क का पूर्ण डामरीकरण एवं पुनर्निर्माण कराया जाना चाहिए, ताकि वर्षों से चली आ रही परेशानी का स्थायी समाधान हो सके।

### शासकीय हाई स्कूल ....

और नियमित उपस्थिति पर विशेष ध्यान देने का आग्रह किया। इस अवसर पर व्याख्याता सुरेंद्र कुमार गायकवाड़, अरुणिका दीवान, गजानन्द शर्मा, प्रभात सिंह, प्रदीप कुमार राजपूत सहित विद्यालय स्टाफ, छात्राओं की माताएं एवं बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन छात्राओं को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाओं के साथ हुआ।

### बेमेतरा से तीन अधिकारी ...

शशिकला मरकाम उईके का तबादला कांकेर जिले में उप पुलिस अधीक्षक के पद पर किया गया है। इस प्रकार तबादला सूची में बेमेतरा जिले से कुल तीन अधिकारियों की विदाई हुई है, जबकि जिले को केवल एक नई अधिकारी के रूप में एसडीओपी रुचि वर्मा की पदस्थापना मिली है। नए आदेश के बाद संबंधित अधिकारी शीघ्र ही अपने-अपने नवीन पदस्थापना स्थल पर कार्यभार ग्रहण करेंगे। वहीं बेमेतरा पुलिस महकमे में रिक्त हुए पदों पर आगामी दिनों में नई पदस्थापना होने की संभावना जताई जा रही है।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### भक्त माता कर्मा की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा

**अण्डा।** ग्रामीण साहू समाज एवं परिक्षेत्रीय साहू समाज के संयुक्त तत्वावधान में ग्राम परसदा में भक्त माता कर्मा की मूर्ति स्थापना, प्राण प्रतिष्ठा एवं ध्वजारोहण समारोह श्रद्धा और उत्साह के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत ग्रामीण महिलाओं द्वारा बाजे-गाजे के साथ भव्य कलश यात्रा निकालकर की गई। कलश यात्रा ने पूरे गांव का भ्रमण किया, जिसके बाद विधि-विधान से कर्मा ध्वज का ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर जनपद पंचायत गुण्डरदेही के अध्यक्ष पुरुषोत्तम लाल चंद्राकर द्वारा प्रदत्त कर्मा भवन में 2 लाख रुपये की लागत से शेड निर्माण तथा कबीर आश्रम में 1 लाख रुपये की लागत से किचन शेड निर्माण का भूमिपूजन भी अतिथियों के हाथों संपन्न कराया गया। समारोह में समाजसेवी जसवंत सिंह, जनपद पंचायत गुण्डरदेही अध्यक्ष पुरुषोत्तम लाल चंद्राकर, जिला पंचायत सदस्य कांति सोनेश्वरी, भाजपा मंडल ओटेबंद अध्यक्ष कुलदीप साहू, तहसील साहू समाज अध्यक्ष मानसिंह सार्वा, उपाध्यक्ष हेमंत साहू, वीरेंद्र साहू, सत्यवती साहू, लीलेश्वर साहू, खिलेश निर्मलकर, परिक्षेत्रीय साहू समाज अध्यक्ष भीष्म साहू, पूर्व अध्यक्ष मोतीराम साहू, सचिव ललित साहू, ग्रामीण साहू समाज अध्यक्ष अजीत राम साहू, माया साहू, लोकेश साहू, भावना साहू, समाजसेवी बेलन साव, महेंद्र साहू आदि उपस्थित थे।

### बघेल के जन्मदिन में जुटे जामगांव आर के कांग्रेसी

**पाटन ।** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के सुपुत्र चैतन्य बघेल के जन्मदिन पर भिलाई-तीन पदुम नगर निवास में जामगांव आर के कांग्रेसजन भी पहुंचे। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी जामगांव आर के अध्यक्ष राजेश ठाकुर के नेतृत्व में सैकड़ों कांग्रेसजन के साथ जन्मदिन की बधाई प्रेषित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामना प्रेषित की। इस दौरान अशोक साहू पूर्व उपाध्यक्ष ज़िप, दिनेश साहू जनपद सदस्य, रश्मि भेदप्रकाश वर्मा जनपद सदस्य, अजय साहू जनपद सदस्य, रूपेंद्र शुक्ला अध्यक्ष सरपंच संघ, मंडल अध्यक्ष भूपेंद्र छोटू बघेल, सोहन जोशी, कपूर साहू, भेष आठे, भोजेंद्र चंद्राकर, देवकुमार निषाद, लुल्ली चक्रधारी, रिंकू चंद्राकर, पवन पटेल, डॉ. ईश्वर निषाद, सागर सिन्हा, मनीष पटेल, गालव वर्मा, शंकर यादव, सोहन वर्मा सहित सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद थे।

### घोटवानी स्कूल की जवाबदारी मिली पाल को

**दुर्ग/धमधा।** ग्राम घोटवानी के प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय के एकीकरण (विलय) के बाद गठित नई शाला विकास समिति में पत्रकार हेमंत पाल को लगातार दूसरी बार सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना गया। वहीं टकेश्वर वर्मा को समिति का उपाध्यक्ष बनाया गया। अध्यक्ष चुने जाने के बाद हेमंत पाल ने कहा कि विद्यालय को शिक्षा, संस्कार और गुणवत्ता के क्षेत्र में नई पहचान दिलाना उनकी प्राथमिकता होगी।

**सावधानी : समाधान ऐप के उपयोग और ई-साक्ष्य संकलन पर भी जोर**

# अवैध अप्रवासियों पर सख्ती, किरायेदारों और होटलों का होगा पुलिस सत्यापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले में अवैध अप्रवासियों और संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान एवं सत्यापन अभियान को तेज करने के लिए पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल (आईपीएस) ने रविवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में गठित स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ), राजपत्रित अधिकारियों तथा जिले के सभी थाना एवं चौकी प्रभारियों की महत्वपूर्ण बैठक ली। बैठक में किरायेदारों, होटल-लॉज में ठहरने वाले यात्रियों, औद्योगिक इकाइयों और विभिन्न प्रतिष्ठानों में कार्यरत बाहरी श्रमिकों का सघन सत्यापन अभियान चलाने के निर्देश दिए गए। एसपी ने कहा कि मकानों में किराये से रहने वाले किरायेदारों और मुसाफिरों के आधार कार्ड का डिजिटल सत्यापन किया जाए। मकान मालिकों से किरायेदारों का पूरा विवरण, स्थायी व वर्तमान पता, आधार, वोटर आईडी, मोबाइल नंबर सहित अन्य आवश्यक जानकारी लेकर उसका सत्यापन सुनिश्चित किया जाए। बैठक में बस स्टैंड, चौपाटी, सिनेमाघर, कबाड़ी दुकानों सहित अन्य भीड़भाड़ वाले स्थानों पर प्रतिदिन सघन चेकिंग अभियान चलाने के निर्देश दिए गए। ठेला-गुमटी संचालकों, फेरीवालों तथा अन्य संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान कर आवश्यक कार्रवाई करने को भी कहा गया।



**जनता से सहयोग की अपील**

पुलिस अधीक्षक ने नागरिकों से अपील की कि किसी भी बाहरी व्यक्ति को किराये पर मकान देने से पहले इसकी सूचना संबंधित थाना में अवश्य दें। यदि कोई संदिग्ध व्यक्ति या अवैध रूप से रह रहा अप्रवासी दिखाई दे तो इसकी जानकारी तत्काल पुलिस के टोल फ्री नंबर 1800-233-1905 पर दें। उन्होंने कहा कि जनसहयोग से ही जिले की सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाया जा सकता है।

**होटल, लॉज, प्लांट और ईंट-भट्ठों पर विशेष निगरानी**

एसपी ने होटल, लॉज, ढाबों, ईंट-भट्ठों, फैक्ट्रियों, एथेनॉल एवं अन्य औद्योगिक इकाइयों, पोल्ट्री फार्म, क्रशर प्लांट, टेंट हाउस, कैटरिंग व्यवसाय, फार्म हाउस और बाड़ी में कार्यरत मजदूरों व ठेकेदारों का सत्यापन करने के निर्देश दिए। संबंधित संचालकों को सभी कर्मचारियों और यात्रियों का रिकॉर्ड सुरक्षित रखने तथा उनकी पहचान की पुष्टि करने के लिए कहा गया।

**समाधान ऐप' का अनिवार्य उपयोग:** सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए एसपी ने 'समाधान ऐप' के प्रभावी उपयोग पर विशेष जोर दिया। उन्होंने निर्देश दिए कि मकान मालिक, होटल एवं लॉज संचालक किरायेदारों और यात्रियों का विवरण अनिवार्य रूप से ऐप पर अपलोड करें, ताकि सत्यापन प्रक्रिया पारदर्शी और प्रभावी बन सके। बैठक में अपराध अनुसंधान को तकनीकी रूप से मजबूत बनाने के लिए ई-साक्ष्य का समयबद्ध एवं वैज्ञानिक संकलन, ई-समन की समय पर तामील, ई-चालान न्यायालय में समय पर प्रस्तुत करने तथा नफीस और फिंगर प्रिंट प्रणाली के अधिकतम उपयोग के निर्देश दिए गए। एसपी ने कहा कि आधुनिक तकनीक के उपयोग से विवेचना की गुणवत्ता और न्यायालयीन प्रक्रिया दोनों को गति मिलेगी।



## शिविर में शामिल हुए देश भर के वैद्य, देशमुख बने राष्ट्रीय उपाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उतई

अखिल भारतीय परंपरागत वन औषधि प्रशिक्षित वैध महासंघ छत्तीसगढ़ का आयोजन नगर पंचायत उतई में हुआ। विभिन्न सत्रों में आयोजित इस कार्यक्रम में देश व प्रदेश स्तरीय संघ के पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण भी हुआ। मुख्य बात यह रही कि बालोद जिले के प्रसिद्ध नाडी वैद्य व समाजसेवी गुरुदेव वीरेंद्र देशमुख को महासंघ का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाया गया। इस दौरान नेत्र जांच शिविर का भी आयोजन किया गया था। इसके अलावा विभिन्न औषधियों का प्रदर्शन भी किया गया। उद्घाटन समारोह में दुर्ग सांसद विजय बघेल ने कहा कि जिस बीमारी के इलाज के लिए हम आज लाखों रुपए खर्च करते हैं उसे हमारे वैद्य आसानी से ठीक कर देते थे। आज हमें ऐसी परंपरागत चिकित्सा पद्धति को फिर से अपनाने की जरूरत है। उन्होंने सभी पदाधिकारियों को शपथ भी दिलाई इससे पूर्व नवनियुक्त राष्ट्रीय उपाध्यक्ष गुरुदेव वीरेंद्र देशमुख ने कहा कि नाड़ी वैद्यों का सम्मान आज भी इसलिए बरकरार है क्योंकि हम सब निस्वार्थ सेवा करते हैं। अखिल भारतीय परंपरागत वनौषधि प्रशिक्षित वैद्य महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष लक्ष्मण साहू ने सभी का स्वागत किया। कार्यक्रम को वरिष्ठ वैद्य राजेंद्र देकाटे राष्ट्रीय महासचिव, संतोष कुमार स्वर्णकार राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष, भारत सिंह राष्ट्रीय सचिव, गजानंद देवांगन जिला अध्यक्ष दुर्ग, सुरेंद्र बाबू गुप्ता सचिव जिला दुर्ग, सावित्री साहू महिला प्रदेश अध्यक्ष छत्तीसगढ, पुष्पा नाइक नागपुर महिला प्रदेश अध्यक्ष महाराष्ट्र, अश्विनी खोड़के नासिक जिला अध्यक्ष , सरस्वती साहू नगर पंचायत उतई अध्यक्ष, मीडिया प्रभारी संजय देवांगन और बी एस माथुर विजय गढ़ यूपी ने भी संबोधित किया। आयोजित कार्यक्रम में नवनियुक्त पदाधिकरियों का शपथ ग्रहण कराया गया। दो दिवसीय आयोजन में प्रथम दिवस संगोष्ठी का भी आयोजन किया गया। इसमें पारंपरिक चिकित्सा के बारे में जानकारी दी गई।

■ अखिल भारतीय परंपरागत वन औषधि प्रशिक्षित वैद्य महासंघ का आयोजन

## शिवसेना (यूबीटी) ने राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन कानून-व्यवस्था समेत छह मुद्दों पर उठाई आवाज



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) की छत्तीसगढ़ इकाई ने सोमवार को कलेक्टर के माध्यम से राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपकर राज्य की मूलभूत समस्याओं, कानून- व्यवस्था और जनहित से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर ध्यान आकर्षित कराया। ज्ञापन का नेतृत्व पार्टी के प्रदेश महासचिव दाऊराम चौहान ने किया।

दाऊराम चौहान ने बताया कि प्रदेश प्रमुख डॉ. आनंद मल्होत्रा के निर्देश पर राज्यभर में यह अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य गठन के करीब 25 वर्ष बाद भी आम जनता को बुनियादी सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं। ज्ञापन में कानून-व्यवस्था में सुधार, बढ़ते अपराध और नशीले पदार्थों के अवैध कारोबार पर प्रभावी कार्रवाई की मांग की गई है। इसके अलावा युवाओं के लिए पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया, निजी उद्योगों में स्थानीय युवाओं को 80 प्रतिशत रोजगार प्राथमिकता दिलाने, किसानों को समय पर गुणवत्तापूर्ण खाद-बीज उपलब्ध कराने तथा बिजली संबंधी समस्याओं के समाधान की मांग भी उठाई गई। ज्ञापन में ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने, जिला अस्पतालों में डॉक्टरों, दवाओं और आवश्यक उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा सरकारी स्कूलों की स्थिति सुधारने की मांग की गई। साथ ही निजी स्कूलों की मनमानी फीस पर नियंत्रण की आवश्यकता भी बताई गई। शिवसेना ने बस्तर और सरगुजा संभाग के दूरस्थ आदिवासी क्षेत्रों में सड़क, बिजली और शुद्ध पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा जल, जंगल और जमीन के अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित करने की मांग भी रखी।

**बेटा बचाओ-बेटा पढ़ाओ' अभियान और पुरुष आयोग गठन की मांग**

ज्ञापन में राज्य में /"बेटा बचाओ-बेटा पढ़ाओ/" अभियान शुरू करने तथा पुरुषों के हितों की सुरक्षा के लिए पुरुष आयोग के गठन की मांग भी शामिल की गई है। समस्याओं का समाधान नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दाऊराम चौहान ने कहा कि राज्यपाल से आग्रह किया गया है कि वे छत्तीसगढ़ सरकार को जनहित से जुड़े इन मुद्दों पर शीघ्र प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दें। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो शिवसेना (यूबीटी) आम जनता के अधिकारों के लिए आंदोलन करने को बाध्य होगी। ज्ञापन सौंपने के दौरान प्रदेश महासचिव दाऊराम चौहान, जिला कार्यकारिणी अध्यक्ष रामचरण वर्मा, राजू यादव, महेश साहू, बुधारू बांधे, जोहन विश्वकर्मा सहित अन्य शिवसैनिक उपस्थित रहे।

### तर्रा की बेटी सौम्या की नीट-यूजी में सफलता



**सेलूद।** ग्राम तर्रा की होनहार बेटी सौम्या यदु ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा में सफलता हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। गुरुवार 16 जुलाई को घोषित परीक्षा परिणाम में सौम्या को ऑल इंडिया रैंक 21 हजार प्राप्त हुई है। सूत्रों के अनुसार, इस रैंक के आधार पर उन्हें रायपुर मेडिकल कॉलेज में प्रवेश मिलने की संभावना है। सौम्या ने अपनी दूसरी कोशिश में यह सफलता अर्जित की। सौम्या के पिता डॉ. जी.पी. यदु तथा माता माधुरी यादव ने बेटी की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे उसके कठिन परिश्रम और समर्पण का परिणाम बताया।

## शिक्षक से मारपीट, अवैध शराब व गांजा बेचने वालों पर आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अण्डा

ग्राम चंदखुरी स्थित गुरु घासीदास चौक में अवैध शराब और गांजा बिक्री का विरोध करने वाले एक शिक्षक नर्सिंग बारले पर हमला किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित शिक्षक ने आरोप लगाया है कि तुषार कुर्रे, वासु बारले और यीशु निर्मलकर ने उनके साथ मारपीट की और ईंट-पत्थरों तथा नुकीली वस्तु से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। एफआईआर में दर्ज शिकायत के अनुसार, 17 जुलाई को शाम करीब 5 बजे शिक्षक स्कूल से मोटरसाइकिल से घर लौट रहे थे। जैसे ही वे चंदखुरी के राम मंदिर, पुराना बाजार चौक के पास पहुंचे, आरोपियों ने उन्हें रोक लिया। शिकायत में कहा गया है कि आरोपियों ने शराब पीने के लिए पैसे मांगे। पैसे देने से इनकार करने पर गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी और ईंट के टुकड़े से सिर पर हमला कर दिया। बीच-बचाव करने पर नुकीली वस्तु से नाक के पास भी वार किया गया, जिससे उन्हें चोट आई और खून निकलने लगा। शिकायत में यह भी उल्लेख है कि घटना को रमेश देशमुख, डोमन सिन्हा, धन बघेल और संजय बघेल ने देखा। पीड़ित ने परिवार को घटना की जानकारी देने के बाद अपनी पत्नी और भाई के साथ थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई। पीड़ित शिक्षक का आरोप है कि उन्होंने क्षेत्र में चल रही अवैध शराब और गांजा बिक्री के कारण आए दिन मोहल्ले में गाली गलौज और असामाजिक तत्वों द्वारा हुड़दंग करते रहते हैं इससे समाज के लोग भयभीत रहते हैं और छोटे-छोटे बच्चों के ऊपर दुष्प्रभाव पढ़ रहे थे जिसको बंद करने के लिए जनप्रतिनिधियों और संबंधित अधिकारियों से मदद की गुहार लगाए थे, जिससे नाराज होकर आरोपियों ने उन पर हमला किया।

मामले में पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वहीं ग्रामीणों ने प्रशासन से क्षेत्र में अवैध शराब और गांजा कारोबार पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

■ ग्रामीणों ने प्रशासन से क्षेत्र में अवैध शराब और गांजा कारोबार पर सख्त कार्रवाई की मांग की





### अमलेश्वर मंडल स्तरीय संगठनात्मक बैठक हुई

**भिलाई।** भारतीय जनता पार्टी, अमलेश्वर मंडल की बैठक ग्राम पंचायत पचपेड़ी के मंगल भवन में रविवार को आयोजित की गई। बैठक में मुख्य अतिथि राजीव अग्रवाल (विधानसभा प्रभारी) थे। अध्यक्षता कमलेश चंद्राकर (मंडल अध्यक्ष, अमलेश्वर) ने की। बैठक में राहुल पंडित (अमलेश्वर मंडल प्रभारी) का विशेष मार्गदर्शन मिला। बैठक में संगठन विस्तार, बूथ सशक्तिकरण, आगामी संगठनात्मक एवं जनहितकारी कार्यक्रमों की कार्ययोजना, सदस्यता विस्तार, जनसंपर्क अभियान तथा केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक प्रभावी ढंग से पहुँचाने के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई।

## जामगांव एम में आज राज्य स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेलूद

छत्तीसगढ़ शासन के स्कूल शिक्षा विभाग (समग्र शिक्षा) के तत्वावधान में नए शैक्षणिक सत्र के लिए राज्य स्तरीय भव्य 'शाला प्रवेशोत्सव' का आयोजन 20 जुलाई सोमवार को किया जा रहा है। पाटन विकासखंड के अंतर्गत ग्राम जामगांव एम स्थित स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय के प्रांगण में दोपहर 12:00 बजे से आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय नवप्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर और मुंह मीठा कराकर आत्मीय स्वागत करेंगे।

अतिविशिष्ट उप-मुख्यमंत्री दुर्ग जिले के प्रभारी मंत्री विजय शर्मा भी उपस्थित रहेंगे। अध्यक्षता प्रदेश के स्कूल शिक्षा, ग्रामोद्योग एवं विधि विधायी कार्य विभाग के मंत्री गजेन्द्र यादव करेंगे। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और सांसद विजय बघेल सहित कई दिग्गज भी इस आयोजन में शामिल होंगे। साथ ही दुर्ग ग्रामीण के विधायक ललित चन्द्राकर तथा अहिवारा विधायक डोमन लाल कोर्सेवाडा भी मंच साझा करेंगे।

प्रवेशोत्सव के दौरान नए बच्चों को निःशुल्क पाठ्यपुस्तकें, स्कूल बैग और यूनिफॉर्म वितरित किए जाएंगे। मुख्यमंत्री साय इस अवसर पर उपस्थित जनसमुदाय और प्रदेशभर के शिक्षकों व विद्यार्थियों को संबोधित कर नए शिक्षा सत्र के लिए मंगलकामनाएं देंगे।

**ये जनप्रतिनिधि भी बढ़ाएंगे गरिमा**

आयोजन में वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन, भिलाई नगर विधायक देवेन्द्र यादव, साजा विधायक ईश्वर साहू, खादी ग्रामोद्योग बोर्ड के अध्यक्ष राकेश पाण्डेय, तेलघानी विकास बोर्ड के अध्यक्ष जितेन्द्र साहू, जिला पंचायत दुर्ग की अध्यक्ष सरस्वती बंजारे, जनपद पंचायत पाटन की अध्यक्ष कीर्ति नायक, जिला पंचायत सदस्य नीलम चन्द्राकर, जनपद सदस्य संतोषी ठाकुर एवं ग्राम पंचायत जामगांव एम की सरपंच तुलसी सिन्हा सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहेंगे।

■ मुख्यमंत्री साय, उप-मुख्यमंत्री शर्मा और शिक्षा मंत्री यादव भी होंगे शामिल

## सालभर पहले लगाए पौधे सुरक्षित, शनिदेव मंदिर तालाब परिसर में जुटे पर्यावरण संरक्षक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमधा

शनिदेव मंदिर तालाब जीर्णोद्धार एवं वृक्षारोपण अभियान के एक वर्ष पूर्ण होने पर रविवार को शनि मंदिर तालाब परिसर में 'पहले और अब' कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में एक वर्ष पूर्व लगाए गए पौधों का अवलोकन किया गया तथा पर्यावरण संरक्षण के सामूहिक प्रयासों को स्मरण किया गया। अभियान के प्रथम वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर 11 नारियल तोड़कर पौधों का प्रथम जन्मदिन मनाया गया। इस दौरान बताया गया कि पिछले वर्ष लगाए गए लगभग 150 पौधे सुरक्षित एवं जीवित हैं तथा अच्छी बढ़वार कर रहे हैं। जिन पौधों की वृद्धि नहीं हो सकी थी, उनके स्थान पर नए पौधे लगाए गए। इनमें आंवला, पीपल, बादाम, कदम, नीम, अमलतास एवं कचनार के पौधे शामिल हैं। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने एक वर्ष पहले और वर्तमान स्थिति की स्मृति तस्वीरें लेकर अभियान की सफलता को साझा किया तथा पौधों के नियमित संरक्षण एवं देखभाल का संकल्प दोहराया।

### शराब पीने के लिए रकम का डिमांड, नहीं देने पर मारपीट और तोड़फोड़

**भिलाई।** शराब पीने के लिए रकम का डिमांड किया गया। नहीं देने पर मारपीट कर वाहन में तोड़फोड़ करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जामुल पुलिस ने बताया कि ग्राम ढौर जामुल निवासी दिनेश रात्रे काम से भाठापारा ढौर की ओर गया था। ढौर निवासी आरोपी दुर्गेश बंजारे ने शराब पीने के लिए उससे रकम की डिमांड की। रकम नहीं देने पर आरोपी दुर्गेश ने गाली-गलौज कर मारपीट की।

एजेन्सी देना है...
हरिभूमि समाचार पत्र बेमेतरा
जिला के अंतर्गत देवकर
में एजेंसी देना है।
समाचार लिखने, विज्ञापन एवं प्रसार में
लक्ष्य प्राप्त करने वाले व्यक्ति को प्राथमिकता।
सुरक्षा राशि जमा करने में सक्षम व्यक्ति संपर्क करें।
हरिभूमि कार्यालय, बेमेतरा
रायपुर रोड चाचा प्रॉपर्टी के पास
मो. 8319154342
हरिभूमि कार्यालय, रायपुर
धमतरी रोड, रायपुर (छ.ग.)
मो. 8224868411

**उपतहसील स्तरीय योग समिति की बैठक**

## स्व अनुशासन सीख रहे योग से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

विश्व योग दिवस पर गठित उपतहसील स्तरीय योग समिति जामगांव आर की प्रथम बैठक रविवार सुबह 5 बजे सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामगांव आर में योग शाखा के साथ संपन्न हुई। बैठक में संरक्षक आसकरण जैन जामगांव आर, अध्यक्ष डॉ गुलाब साहू औरी, सचिव संतोष साहू बोरवाय, सहसचिव इंद्रकुमार नवागांव ने प्रभावी मार्गदर्शन दिए। उपस्थित सभी साथियों ने लगातार एक घंटे तक योग विधाओं को आत्मसात किए और विद्यालय में प्रत्येक माह प्रथम रविवार को सुबह 5 बजे से 6 बजे तक चलने वाली योग की शाखा में स्व स्फूर्त सहभागिता अदा करने का वचन दिए। योग शाखा में जामगांव आर, औरी बोरवाय, भनसुली, नवागांव और बेलहारी के योग प्रेमी शामिल हुए। संरक्षक आसकरण जैन ने कहा कि तन मन को निरोगी बनाकर अनुशासन को स्वअनुशासन में बदलने की अदभुत कला योग सिखाता है। अध्यक्ष डॉ गुलाब साहू ने कहा कि योग करके व्यक्ति जब स्वस्थ तन मन से परिवार समाज का संचालन करते है तब स्वमेव प्रसिद्धि कदम चूमती है। इस दौरान योगेंद्र साहू, शंभू कुमार, अभिषेक,पीयूष, मेघराज चंद्राकर भावेश कुमार,हलधर, तोषन लाल,राजेंद्र ,वैभव और अंगेश्वर साहू सहित अन्य उपस्थित थे।



### दूसरे दिन 29.13 मिमी बारिश, खेती किसानी के कार्य में आने लगी तेजी

**भिलाई।** जिले में रविवार को हुई अच्छी बारिश से किसानों में खुशी का माहौल है। हालांकि यह बारिश दूसरे दिन भी हुई है। पर्याप्त वर्षा का इंतजार कर रहे किसानों के लिए यह बारिश खरीफ फसलों, विशेषकर धान की बुवाई और अंकुरण के लिए लाभकारी साबित होगी। एक ही दिन में 29.13 मिलीमीटर की बारिश हुई है। इस बारिश से दुर्ग जिले में इस मानसूनी सीजन में अब तक 336.6 मिलीमीटर बारिश हो चुकी है। तीन दिन से आसमान पर काले बादल छाए हुए थे। ऐसा लगने लगा था कि अब तब बारिश होगी लेकिन बरस नहीं रहे थे। रविवार को हुई बारिश न केवल शहरी बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी नजर आया। इससे तापमान में भी काफी गिरावट आई है। दुर्ग का अधिकतम तापमान घटकर 27.8 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 23 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 18,500/-
15 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण
अन्य दर्शन:-काशी विश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन- (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग), माना गाँव (भारत का अंतिम गाँव),धारी देवी,चोपता
15 सितम्बर, 26 सितम्बर,10 अक्टूबर, 22 अक्टूबर, 2026, 02 मई 2027
राशि:-स्लीपर-18,500/-, 3 एसी- 26,500/-, 2 एसी- 30,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411